कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम—शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788—2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 13.04.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में व्याख्यान

संकल्पित आर्थिक विकास महत्वपूर्ण है

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में विशेष व्याख्यान माला के अंतर्गत शासकीय कमला देवी राठी कन्या महाविद्यालय, राजनांदगाँव के प्राध्यापक डॉ. सीमा अग्रवाल, ने मानव विकास सूचकांक पर अपना प्रभावी व्याख्यान दिया। उन्होनें कहा कि विश्व स्तर पर वर्तमान में आर्थिक विकास की दर प्रभावित हुई है। वर्तमान में मानव विकास सूचकांक पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न सिद्धान्तों तथा नयी योजनाओं की सविस्तार चर्चा की।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में अर्थशास्त्र के महत्व को प्रतिपादित करते हुए विभाग की छात्राओं द्वारा प्रदर्शित पोस्टर—प्रदर्शनी की सराहना की।

विभागाध्यक्ष डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में विश्वस्तर पर घटित होने वाली आर्थिक गतिविधियों का जिक्र करते हुए वर्तमान समय में एक संकल्पित आर्थिक विकास के महत्व की सविस्तार चर्चा की।

अर्थशास्त्र की सहायक प्राध्यापक डॉ. मुक्ता बाखला ने व्याख्यानमाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए मुख्य वक्ता डॉ. सीमा अग्रवाल का परिचय कराया।

पर्यावरण प्रदूषण पर विभाग की छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम कु. जिज्ञासा देवांगन एम.ए., द्वितीय कु. सुस्मिता शर्मा एवं तृतीय कु. सृष्टि भरदीय, कु. सृष्टि देवांगन ने प्राप्त किया। कुल 25 छात्राओं ने पोस्टर प्रदर्शित किये। अंत में अतिथि प्राध्यापक श्री दीपक कश्यप ने आभार व्यक्त किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)